Hindi

# कूड़े संबंधी सेवाओं की मार्गदर्शिका




## शुरुआत करने का समय अब आ गया है!

GOVERNMENT OF WESTERN AUSTRALIA

WasteSorted
A Waste Authority Program

City of Wanneroo




# ब्लॉक में नए बिनों का जारी किया जाना

हमारा नया तीन बिनों का तंत्र कूड़े को सही स्थान पर डालने में सभी की सहायता करता है। हमने अपने बिनों के ढक्कनों का रंग बदल दिया है जिससे कोई भ्रांति न हो और वह ऑस्ट्रेलियन मापदण्डों के अनुसार भी है। अपने बिनों का सही इस्तेमाल करके हम कीमती संसाधनों को लैंडफ़िल में भेजने से बचा सकते हैं और पर्यावरण को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित कर सकते हैं।

## क्या आप सुनिश्चित नहीं हैं कि किसी वस्तु को कौन से बिन में डाला जाए?
## रिसाइकल राइट एप डाउनलोड करें!

रिसाइकल राइट एप यह जानने का एक सरल और सुलभ तरीका है कि वस्तुओं को किस बिन में डाला जाए। इसमें शामिल हैं:

- कौन सा बिन – एक सरसरी नज़र में जानें कि किस बिन में क्या-क्या डाला जा सकता है और क्या-क्या नहीं, और किसी वस्तु को फेंकने का सही तरीका क्या है।
- विशिष्ट वस्तुओं की A-Z सूची जो आपको बताती है कि वस्तुओं को सही तरीके से कैसे फेंका जाए।
- आपकी नज़दीकी सुविधाओं की जानकारी – आप देख सकते हैं कि पर्थ मेट्रोपोलिटन क्षेत्र में आपका नज़दीकी पुन:चक्रण केंद्र और संग्रह केंद्र कहाँ हैं जहाँ आप बैटरियाँ, कार के पुर्जे, ख़तरनाक घरेलू सामान जैसी वस्तुएँ ले जा सकते हैं, और वहाँ पहुँचने का रास्ता भी देख सकते हैं।




iOS का इस्तेमाल करने वालों के लिए एप स्टोर

Android का इस्तेमाल करने वालों के लिए गूगल प्ले स्टोर

recycle right

recycleright.wa.gov.au

# हर गली में वस्तुओं को छाँटने वाले महान लोग हैं जो अपने आम कचरे के बिन में 60% तक कम वस्तुएँ डालते हैं।




## हेलो, मैं ‘जी’ हूँ!

अपनी जिन वस्तुओं को लैंडफ़िल में भेजने से मुझे दु:ख होगा, उनके लिए मुझे ऐसे घरों की तलाश रहती है जहाँ उनका उपयोग हो सके। मैं ऐसा सामान परोपकारी संस्थाओं की दुकानों, मित्रों और पड़ोसियों को भेंट करता हूँ। मैं वस्तुओं को ऑनलाइन बेचता हूँ और अपने पड़ोस के ‘Buy Nothing’ सोशल मीडिया ग्रुप का सदस्य हूँ।




## हेलो, मैं ‘आर’ हूँ!

मैं वस्तुओं को छाँटने में समझदार हूँ। मुझे पता है कि पुन:चक्रण के पीले ढक्कन वाले बिन में हम केवल 5 तरह की वस्तुएँ ही डाल सकते हैं – कैन, कागज़, कार्डबोर्ड, काँच, और प्लास्टिक की बोतलें तथा डिब्बे। मैं सुनिश्चित करती हूँ कि कार्डबोर्ड को सपाट कर दिया गया है और डिब्बों को पानी से धोकर उनके ढक्कन निकाल दिए गए हैं।




## हेलो, मैं ‘ई’ हूँ!

मुझे पता है कि खाद्य पदार्थों का कचरा और बगीचे का कचरा पुन:चक्रण के द्वारा बढ़िया कम्पोस्ट में बदले जा सकते हैं। मेरे पास घर में एक कम्पोस्ट बिन है जिससे हमारे बगीचे को खाद मिलती है और ShareWaste के अंतर्गत मैं अपने पड़ोसी को उनके खाद्य पदार्थों के कचरे के पुन: चक्रण का अवसर देता हूँ।




## हेलो, मैं ‘ए’ हूँ!

अपने कचरे को कम करने का बेहतरीन तरीका है कि कचरा पैदा ही न होने दें! मैं एक बार ही इस्तेमाल किए जा सकने वाले कपों, अनावश्यक प्लास्टिक की पेकिंग और प्लास्टिक के बैगों का प्रयोग नहीं करती हूँ! हमें जितने खाद्य पदार्थों की आवश्यकता है, उससे अधिक खरीदारी से बचने के लिए मैं अपनी शॉपिंग लिस्ट में लिखी वस्तुएँ ही खरीदती हूँ।




## हेलो, मैं ‘टी’ हूँ!

कूड़ा कम करने का मतलब सिर्फ घर के बिनों में डाली जाने वाली वस्तुएँ नहीं है। मैं समस्यादायक वस्तुओं को एकत्र करके उन्हें विशेष संग्रह स्थानों पर ले जाती हूँ।

## वस्तुओं को छाँटने में महान व्यक्ति बनें

लैंडफ़िल में वस्तुएँ तभी भेजें जब और कोई चारा न हो।




# पुनःचक्रण बिन




प्लास्टिक

## प्लास्टिक की बोतलें और डिब्बे


फलों और सब्जियों को पैक करने के पनेट


योगर्ट के टब


सॉस की बोतलें


आइस क्रीम के डिब्बे


पेय पदार्थों की बोतलें


टेक अवे के डिब्बे


स्नानघर के प्रसाधनों की बोतलें


कपड़े धोने के प्रसाधनों की बोतलें




पर्थ में हम ढक्कन निकाल कर उन्हें आम कूड़े के बिन में डाल देते हैं।






# आम कूड़े का बिन




## नरम या 'आसानी से मुड़-तुड़ जाने वाला' प्लास्टिक



प्लास्टिक के पैकेट



सेशे और पाउच



प्लास्टिक के बैग



बहुत से लोग नरम प्लास्टिक को अपने स्थानीय स्टोर में पुन:चक्रण के लिए ले जाते हैं।

अधिक जानकारी के लिए **redcycle.net.au** पर देखें

## घर में इस्तेमाल के अन्य प्लास्टिक



हमारी गली के लोग पोलीस्टायरीन को पुन:चक्रण के लिए एक संग्रह केंद्र में ले जाते हैं ताकि उनके बिनों में अधिक जगह खाली रहे।



पोलीस्टायरीन



घर में इस्तेमाल करने का प्लास्टिक से बना सामान्य सामान



एक बार इस्तेमाल किया जा सकने वाला टेक अवे का सामान



बहुत से लोग एक बार इस्तेमाल किए जा सकने वाले सामान की बजाय अब वहनीय और दोबारा इस्तेमाल किए जा सकने वाले सामान का प्रयोग करने लगे हैं।

## काग़ज़ और कार्डबोर्ड




# पुनःचक्रण बिन





अंडों के कार्टन


कार्डबोर्ड से बनी ट्यूबें


डिब्बे


लिखने का कागज़


लिक्विड पेपरबोर्ड से बने कार्टन


लिफ़ाफ़े


समाचारपत्र और मैगज़ीनें




सपाट किया हुआ कार्डबोर्ड कम जगह घेरता है और इससे किसी वस्तु के अटकने की संभावना कम हो जाती है।




# आम कूड़े का बिन





फ़्वाइल की तह लगा हुआ कार्टन


टेक अवे के कप


छोटा-छोटा काटा हुआ कागज़



गंदा कागज़ और कार्डबोर्ड की पैकिंग


टिशू और पेपर टॉवल




मैं छोटा-छोटा काटा हुआ कागज़ और पेपर टॉवल घर के कम्पोस्ट बिन के लिए एकत्र करता हूँ।

# पुन:चक्रण बिन



टिन और कैन



धातु से बने ढक्कन



एल्युमीनियम फ़्वाइल को मसल कर उससे बनाई गई 5 सेंटीमीटर व्यास की गेंद






# संग्रह केंद्र

wanneroo.wa.gov.au/recycleright

## ख़तरनाक सामग्री से भरी कैन



एयरोसोल स्प्रे कैन



पेंट (रंग-रोगन)

अन्य ख़तरनाक सामानों की सूची के लिए पृष्ट 13 पर देखें।




# पुन:चक्रण बिन






बोतलें और जार



पेय पीने के गिलास




यदि हम वस्तुओं को धो कर उन्हें खाद्य सामग्री से रहित कर देते हैं तो हम पुन:चक्रण को चरम सीमा तक पहुँचा देते हैं।

काँच




## संग्रह केंद्र

wanneroo.wa.gov.au/recycleright

## घर में काँच का अन्य सामान



मछ्ली पालने का टेंक



शीशे



शीशे की सतह वाली मेज

दूसरों को वस्तुएँ भेंट करने और ऐसा करके उन्हें प्रसन्न करने के कई तरीके हैं। आप सामान को संग्रह केंद्र में छोड़ सकते हैं, पड़ोसियों को दे सकता है, किसी से अदला-बदली कर सकते हैं या बेच सकते हैं।






# आम कूड़े का बिन

## ओर्गेनिक खाद्य पदार्थ



माँस



डेरी



बचे हुए फल और सब्जियाँ



चावल और अनाज




अनेक लोग अपने घर में बचे-खुचे खाद्य पदार्थों को खेती में इस्तेमाल के योग्य बनाते हैं। इसके कई तरीके हैं – वर्म फार्म, कम्पोस्ट बिन, मुर्गियाँ, बोकाशी या अपने कम्पोस्ट बनाने वाले किसी पड़ोसी को दे देना। फेंकने वाले खाद्य पदार्थों को लैंडफ़िल भेजने से रोकना आसान है। सिटी ऑफ़ वानरू में रहने वालों के लिए इसके लाभ देखने के लिए **switchyourthinking.com.au** पर जाएँ।




# आम कूड़े का बिन



दाँत साफ करने की वस्तुएँ




चिपकने वाली पट्टियाँ आदि



बच्चे की नेपी और एक बार इस्तेमाल करने योग्य व्यक्तिगत सफ़ाई का सामान

खाद्य पदार्थ

व्यक्तिगत सफ़ाई का सामान

बगीचे का सामान




# आम कूड़े का बिन





जानवरों का मल और पालतू पशुओं का मल



बगीचे में इस्तेमाल करने के औज़ार



खाद आदि



पौधों के लिए गमले



*पानी की पाइप के काटे हुए एक-एक मीटर के हिस्से*



जानवरों के सोने और मल से संबंधित वस्तुएँ

इमारत बनाने या इमारत को तोड़ने से उपजा कचरा




# संग्रह केंद्र

**wanneroo.wa.gov.au/recycleright**





ईंटें



रेत और सीमेंट आदि का कचरा



बाढ़ का सामान

इमारतों से संबंधित कचरे को फेंकने के लिए विशेष नियम हैं – आपके पास क्या-क्या विकल्प हैं, यह जानने के लिए **wanneroo.wa.gov.au/recycleright** पर जाएँ।



एस्बेस्टस




# बगीचे के ऑर्गैनिक्स कूड़े (GO) का बिन





**छोटी शाखाएँ**
*अधिकतम 100 सेंटीमीटर लंबी*

*अधिकतम 6 सेंटीमीटर चौड़ी*



बगीचे से काटी गई बड़ी शाखाओं को वार्षिक गली के किनारों से बड़ी मात्रा के एकत्रीकरण के लिए रखें। हम अपने वाउचरों का इस्तेमाल बगीचे के साफ़ कूड़े को लोकप्रिय वंगारा ग्रीनस रिसाइकलिंग फ़ैसिलिटी

70 मोटिवेशन ड्राइव, वंगारा ले जाने के लिए भी करते हैं।



आपके GO बिन में कोई प्लास्टिक बैग न डालें



पत्तियाँ



छोटी टहनियाँ और पत्तियाँ



बगीचे से काटी गई छोटी टहनियाँ आदि



काटी हुई घास और खर-पतवार

क्या आपके पास GO बिन नहीं है? बगीचे के ऑर्गैनिक कूड़े को अपने आम कूड़े के बिन में डालें।






# आम कूड़े का बिन





बिस्तरे, तौलिए आदि




सिटी ऑफ़ वानरू में हम घर का सामान किसी को भेंट में देते है, अदला-बदली कर लेते हैं या बेच देते हैं। इससे किसी दूसरे व्यक्ति को खुशी होती है और सामान लैंडफ़िल में नहीं जाता।



पुराने कपड़े और कपड़े से बनी वस्तुएँ



# बड़े, ठोस सामान का वार्षिक एकत्रीकरण

सिटी गली के किनारों से हर वर्ष एक बार बड़े ठोस सामान को एकत्रित करती है। बेकार सामान को गली से एकत्रीकरण की नियत तिथि के एक हफ्ते से अधिक पहले बाहर न रखें। आपके यहाँ से एकत्रीकरण की तिथि जानने के लिए **wanneroo.wa.gov.au/bulkwaste** पर जाएँ। यदि आप अपने नियत दिन पर सामान नहीं रखते हैं तो सामान एकत्र करने वाले व्यक्ति दोबारा नहीं आएँगे।



मेटरेस (गद्दे)



फर्नीचर



घर का बड़ा सामान



घर के बड़े उपकरण

बेकार सामान को साफ-सुथरे तरीके से गली के किनारे रखें और उनके बीच में कुछ स्थान छोड़ें ताकि मशीन द्वारा उन्हें उठाया जा सके।

## संग्रह केंद्र
wanneroo.wa.gov.au/recycleright



इलेक्ट्रोनिक सामान (ई-वेस्ट)



मोबाइल फ़ोन और उनके साथ इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुएँ




वाहनों की बैटरियाँ



इंजन का तेल



टायर



दवाइयाँ



अनेक लोग इस प्रकार के कूड़े को अपने नज़दीकी संग्रह केंद्र में ले जाकर पर्यावरण और हमारे समुदाय को सुरक्षित रखते हैं।

# समस्यादायक कूड़ा

## संग्रह केंद्र
wanneroo.wa.gov.au/recycleright



बिजली के बल्ब



घरों में इस्तेमाल होने वाली बैटरियाँ



स्मोक डिटेक्टर



बारूद से बना सामान



गैस की बोतल



आग बुझाने का यंत्र

तेज़ाब, क्षार और घर में इस्तेमाल होने वाले अन्य केमिकल





# घरों में इस्तेमाल होने वाला ख़तरनाक कूड़ा

# कूड़े को एकत्र करने की शर्तें

## अपने बिन को एकत्रीकरण के लिए प्रस्तुत करना

अपने एकत्रीकरण के नियत दिन सुबह 6 बजे से पहले बिन बाहर रखें

किसी भी बिन का अधिकतम भार 70 किलो है

बिन के आगे वाहन खड़ा न करें और संकरी गली का रास्ता न रोकें

कूड़ा एकत्र किए जाने के बाद, जितनी जल्दी संभव हो, अपने बिन को वापस अपनी संपत्ति पर रखने के स्थान पर ले जाएँ।




बिन को किसी भी पेड़ से **कम से कम 1 मीटर** दूर रखें और पेड़ की शाखाओं के नीचे न रखें

दो बिनों के बीच **कम से कम 1 मीटर** की दूरी रखें

किसी वाहन, डाक पेटिका और बाढ़ आदि से **कम से कम 1 मीटर** दूर रखें

## अपने बड़े, ठोस सामान को एकत्रीकरण के लिए प्रस्तुत करना





अपने अनचाहे सामान को साफ़-सुथरे तरीके से अपनी गली के किनारे पर रखें और उसके आस-पास खाली स्थान छोड़ें ताकि उसे मशीन द्वारा उठाया जा सके

- पैदल पथ, संकरी गली के रास्ते और ड्राइववे को न रोकें। यदि आपकी संपत्ति किसी संकरी गली में है, तो कृपया बड़ा सामान अपने घर के सामने आगंतुकों के लिए बनी किसी पार्किंग बे में रखें।
- बेकार सामान को किसी बाढ़, दीवार, पेड़, डाकपेटिका सार्वजनिक इस्तेमाल के स्थान, बिजलीघर, पानी के मीटर और स्प्रिंकलर को नुकसान से बचाने के लिए उनसे कम से कम 1 मीटर दूर रखें।
- सामान को हल्के रंग की पेविंग या कृत्रिम घास पर न रखें। सामान एकत्र करने वाली गाड़ी से इन पर निशान न पड़ें या इनको हानि न हो, इसलिए हम ऐसी सतहों पर रखा गया सामान नहीं उठा सकते।
- यदि आप सुनिश्चित नहीं हैं कि एकत्र किए जाने के लिए आप अपना बेकार सामान कहाँ रखें, तो सिटी से 9405 5000 पर संपर्क करें।

# कूड़ा इधर-उधर फेंकना और अवैध रूप से कहीं फेंक देना

सिटी ऑफ़ वानरू में हम जिस जमीन पर रहते हैं, हमें उससे प्यार है। अवैध रूप से सामान के फेंके जाने पर निम्नलिखित तरीकों से उसकी शिकायत करके आप इसे साफ़ रखने में सहायता दे सकते हैं:

- सिटी के रेंजर को **9405 5000** पर या कार्यालय के समय के बाद **1300 138 393** पर
- डिपार्टमेंट ऑफ वाटर एंड एनवायरनमेंटल रैगुलेशन की इलीगल डम्पिंग हॉटलाइन को **1300 138 393** पर
- कीप ऑस्ट्रेलिया ब्यूटीफुल लिटर रिपोर्टर स्कीम (किसी वाहन से अवैध रूप से कूड़ा फेंके जाने या कूड़ा इधर-उधर फेंकने की शिकायत करने के लिए) **kabc.wa.gov.au/report-littering**

Keep Australia Beautiful WA

Adopt-a-Spot

क्या आप किसी स्थानीय क्षेत्र को साफ़ करने में सहायता देना चाहते हैं? यहाँ रहने वाले बहुत से स्वयंसेवक अपना समय 'एडोप्ट ए स्पॉट' को देते हैं। **wanneroo.wa.gov.au/adopt-a-spot** पर जा कर आज ही अपना नाम जोड़ें।


City of Wanneroo

23 Dundebar Road, Wanneroo, WA 6065

Locked Bag 1, Wanneroo, WA 6946

फ़ोन (08) 9405 5000
कार्यालय के समय के बाद 1300 13 83 93
ई-मेल enquiries@wanneroo.wa.gov.au

wanneroo.wa.gov.au


इस दस्तावेज़ का बहुत भाषाओं में अनुवाद किया गया है। कृपया अधिक जानकारी के लिए wanneroo.wa.gov.au/talkingmylanguage पर जाएँ।


processgreen™
environmentally sustainable printing

इसके मुद्रण के लिए ग्रीन बिजली का इस्तेमाल किया गया है और उच्चतम स्तर के पर्यावरिक मानदंडों का पालन किया गया है।


मेरा पुन:चक्रण अपने पीले ढक्कन वाले पुन:चक्रण बिन में करें।

# तुरंत संदर्भ के लिए मार्गदर्शिका




## पुन:चक्रण बिन

- ✓ एल्युमीनियम और स्टील से बनी कैन
- ✓ काँच की बोतलें और जार
- ✓ प्लास्टिक की बोतलें और डब्बे
- ✓ स्वच्छ कार्डबोर्ड (सपाट किया हुआ)
- ✓ कागज़ (छोटा-छोटा काटा हुआ नहीं)




## बगीचे के ऑर्गैनिक्स कूड़े (GO) का बिन

- ✓ काटी हुई घास
- ✓ पत्तियाँ/फूल
- ✓ पौधों की काटी गई छोटी शाखाएँ आदि
- ✓ खर-पतवार, छोटी टहनियाँ और पत्तियाँ




## आम कूड़े का बिन

- ✓ खाद्य पदार्थों का कचरा
- ✓ ऐसे कपड़े जिनकी मरम्मत नहीं हो सकती
- ✓ बच्चे की नेपी/ व्यक्तिगत सफ़ाई का कचरा
- ✓ छोटा-छोटा काटा हुआ/गंदा कागज़
- ✓ गंदा कार्डबोर्ड (सपाट किया हुआ)
- ✓ जानवरों का मल और पालतू पशुओं का मल



## गली के किनारों से बड़े, ठोस सामान का एकत्रीकरण

मेटरेस (गद्दे)

स्टोव और घर के अन्य बड़े उपकरण (1.5 मीटर तक लंबे)

फर्नीचर और घर का अन्य बड़ा सामान

इस्पात से बनी टूटी-फूटी बड़ी चीज़ें

## गली के किनारों से बड़ी मात्रा में फेंकी जाने वाली वनस्पति सामग्री का एकत्रीकरण

पेड़ों और झाड़ियों की काटी हुई शाखाएँ (1.5 मीटर तक लंबी और 300 मिलीमीटर व्यास तक की)





## स्थानीय सरकार द्वारा संचालित संग्रह केंद्र

**Wangara Greens Recycling Facility** (सप्ताहांत पर और छुट्टी के दिनों में खुली है)
70 Motivation Drive, Wangara
फ़ोन: 9405 5000

**Tamala Park**
1700 Marmion Avenue, Mindarie
फ़ोन: 9306 6303

**Recycling Centre Balcatta**
238 Balcatta Road, Balcatta
फ़ोन: 9205 8555



अधिकांश लोग निम्नलिखित सामान एक संग्रह केंद्र में ले जाते हैं। किस केंद्र में क्या स्वीकार्य है, यह **wanneroo.wa.gov.au/recycleright** पर जाकर देखें

- एयरोसोल
- पेंट (रंग-रोगन)
- बिजली के बल्ब
- केमिकल
- गैस की बोतलें
- आग बुझाने के यंत्र
- दवाएँ
- बैटरियाँ
- इंजन का तेल
- टायर
- मोबाइल फ़ोन
- इलेक्ट्रोनिक सामान (ई-वेस्ट)
- इमारतों संबंधी कचरा
- एस्बेस्टस

*इस पृष्ठ को फाड़ लें*